ernment should provide compensation for loss of wages and other incidental expenses which are incurred by an acceptor of contraception. As regards the conditional incentives to Central Government employees announced in December, 1979 it is too early to assess their impact.

(b) There are no further proposals at present regarding new incentives.

बरोनी बाराबंकी लाइन

1309 **प्रोफेसर सत्यदेव सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे पर बरौनी से बाराबकी तक रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के कार्य मे हुई प्रगति सन्तोषजनक नही है; और

(ख) यदि हा, तो इस कार्य की गति तेज करने के लिए क्या उपाय करने का विचार है और इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की आशा है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख). बरौनी तक समानान्तरण बडी लाइन से समस्तीपुर के साथ पहले ही जुड़ा हुआ है । मुजफ्फरपुर के रास्ते समस्तीपुर से सोनपुर तक के खण्ड का आमान-परिवर्तन पहले ही किया जा चुका है और उसे यातायात के लिए खोल दिया गया है । सोनपुर से बरौनी तक के शेष खण्ड के बड़ी लाइन मे आमान-परिवर्तन के कार्य को 1980-81 तक पूरा करने के लिए सभी प्रकार से संगठित प्रयास किये जा रहे है।

Workers Laid off due to Power Crisis

1310. DR. FAROOQ ABDULLAH: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that about 8 lakh workers were laid off by power crisis in Jaipur alone;

(b) whether it is also a fact that same position is reported in many States;

(c) if so, whether this has created great unrest among the labourers;

(d) what are the States, where more effect like this have been reported; and

(e) the steps being taken by Government to help them?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION AND LABOUR (SHRI J. B. PATNAIK): (a) to (e). Requisite information is being collected from the State Governments/Union Territory Administrations and will be laid on the Table of the House in due course.

वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के लिए पास देने का मापदंड

1311. **श्री छीतूभाई गामित** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के लिए नि शुल्क पास जारी करने का क्या मापदण्ड अपनाया गया है; और

(ख) गत छः महीनों में कितने व्यक्तियो को ऐसे "स्वर्ण पास" जारी किये गये ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) (क) मानार्थ कार्ड जारी करने के लिए निर्धारित मापदण्ड निम्नलिखित हैं :—

1. सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक, खेल कूद और शैक्षिक गतिविधियों में लगे संस्थानो और संगठन जिनका काम अखिल भारतीय स्तर का होता है ।

2. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडे और उपेक्षित वर्गो, महिलाओं नेत्रहीन और अपंग व्यक्तियो आदि के कल्याण के काम में लगे संगठन ।

3. राष्ट्रीय महत्व के काम में लगे प्रतिष्ठित व्यक्ति, जिनके लिए उन्हें अक्सर यात्रा करनी पडती है ।

(ख) पिछले छ. महीनों के दौरान कोई नया स्वर्ण पास जारी नहीं किया गया है ।